स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) से (ग). सफदरजंग और विलिंगडन अस्पतालों के बीच कोई मिला जुला काडर नहीं है और प्रशासकीय अधिकारियों तथा तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों की परस्पर अदला-बदली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है किन्तु दिल्ली प्रशासन के अधीन तीसरी श्रेणी के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की अदला-बदली पहले से ही की जाती है ।

लूप

2238. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री बड़े :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि लूप इस्तेमाल करने के कारण देश में बहुत से व्यक्तियों की मृत्यु हुई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि अगस्त और सितम्बर, 1966 में गांधी नगर तथा बिरला मन्दिर क्षेत्रों में दो ऐसे मामले हुए हैं जिनमें लूप इस्तेमाल करने के परिणाम-स्वरूप मृत्यु हुई; और

(ग) यदि हां, तो दिल्ली में जनवरी, 1966 से लेकर अब तक लूप इस्तेमाल करने के परिणाम-स्वरूप दिल्ली में कितनी महिलाओं की मृत्यु हुई ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशील नायर) (क) जी नहीं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) ये प्रश्न नहीं उठते ।

ओरियेंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड

2234. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रघुनाथ सिंह :
श्री रामेश्वरानन्द

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई स्थित मेसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड ने सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया लिमिटेड से ऋण लेने के उद्देश्य से अपनी ही किसी एक फर्म को 3 रुपये प्रति किलो की दर से एक विशेष किस्म का कागज बेचा था;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसी खास किस्म के कागज को बाजार में अन्य फर्मों को बेच कर इस कारपोरेशन ने आय-कर का अपवंचन करने की दृष्टि से इस रकम को अपने बहीखाते में आधी दर के हिसाब से दिखाया था और शेष धनराशि को उसने काले धन के रूप में रख लिया था;

(ग) यदि नहीं, तो क्या उक्त बैंक को धोखा देने की दृष्टि से इस कारपोरेशन ने अपनी ही फर्म को बेचे गये कागज को ऊंची दर पर बेचा गया दिखाया था; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक हो, तो इस आय-कर अपवंचन का पता लगाने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी): (क) से (ग). सरकार के पास कोई सूचना नहीं है । कर-निर्धारण करते समय आयकर अफसर द्वारा मामले की जांच की जायेगी ।

(घ) सवाल नहीं उठता ।